# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA

देवासमार्ग, उज्जैन (मध्यप्रदेशः) 456010

E-mail : regpsvvmp@rediffmail.com, Website : www.mpsvv.ac.in

क्र./मपासंवि/दीक्षा./कु.स./25/ 1535 उज्जैन, दिनांक 24/03/2025

## // अधिसूचना //

# "पञ्चम दीक्षान्त समारोह"

## दिनांक 30 मार्च, 2025

माननीय कुलगुरु महोदय के आदेशानुसार यह अधिसूचित किया जाता है कि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 (15, 2008) की धारा 33 (छ) के अनुसार विनिर्मित परिनियम क्रमांक 5 का परिपालन सुनिश्चित करते हुए दिनांक 30 मार्च, 2025 समय दोपहर 02:30 को पञ्चम दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता श्री मंगु भाई पटेल जी, कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन करेंगें तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव जी, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि श्री इन्दरसिंह परमार जी, माननीय उच्चशिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश होंगे।

जिन स्नातकों (विद्यार्थियों) ने सत्र 2022-23 एवं 2023-24 की स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि (डिग्री) पाठ्यक्रमों की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें उपाधि के साथ पदक भी प्रदान किया जायेगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में उपाधि प्राप्त करने हेतु निर्धारित दिनाँक एवं समय अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**आवश्यक नियम एवं निर्देश** –

1. उपाधि ग्रहण करते समय प्रत्येक स्नातक (विद्यार्थी) को दीक्षान्त गणवेश/परिधान धारण करना अनिवार्य होगा।
2. गणवेश हेतु सफेद धोती-कुर्ता, सिर पर साफा एवं गले में उत्तरीय (दुपट्टा) का निर्धारण किया गया है अतः आपसे अनुरोध है कि आप सफेद रंग का स्वच्छ कुर्ता एवं धोती साथ लेकर आवें।
3. प्रत्येक स्नातक (विद्यार्थी) को उपाधि ग्रहण करते समय सिर (मस्तक) पर साफा बन्धन करना होगा तथा गले में उत्तरीय (दुपट्टा) धारण करना होगा जिसकी व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी। इसे विद्यार्थी अपने साथ वापस ले जा सकेंगे।
4. दीक्षान्त समारोह में महिला स्नातकों (विद्यार्थी) के लिए क्रीम रंग की साड़ी धारण करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय की ओर से उत्तरीय (दुपट्टा) प्रदान किया जावेगा जिसे आप वापस साथ में ले जा सकेगें।
5. प्रत्येक स्नातक (विद्यार्थी) को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.in पर लॉग इन करके अथवा एंड्राइड ऐप के माध्यम से ऑनलाइन 500/- रु. का भुगतान करके आवेदन करना होगा।
6. पंजीयन हेतु अन्तिम तिथि 24 मार्च, 2025 निर्धारित है।
7. आवागमन तथा उज्जैन में स्थानीय आवास तथा भोजन आदि की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर करनी होगी।
8. प्रत्येक स्नातक को अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज़ की कलर फोटो साथ में लेकर आना अनिवार्य है। जिसे परिचय पत्र पर चस्पा करना होगा।

9. जो स्नातक (विद्यार्थी) समारोह में उपस्थित होकर उपाधि ग्रहण करने में किन्ही कारणों से असमर्थ है, ऐसे स्नातक (विद्यार्थी) को उसकी उपाधि डाक द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय को प्रेषित की जायेगी।

10. पंजीयन में कठिनाई आने पर श्री दीपक राठौर से मो.नं. 8871279394 पर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

**कुलसचिव**

क्र./मपासंवि/दीक्षा./कु.स./25/ उज्जैन, दिनांक 4/03/2025

**प्रतिलिपि-**

1. माननीय कुलपति जी के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
2. कुलसचिव कार्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
4. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
5. समस्त विभागाध्यक्ष (वि.वि. अध्यापन विभाग), महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
6. समस्त विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, (अकादमिक/वित्त/शोध) महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
7. समन्वयक, परीक्षा एवं गोपनीय को आवश्यक कार्यवाही हेतु, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
8. आईटी अधिकारी, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करने हेतु।
9. श्री दीपक जैन (ईवे सोल्यूशन, प्रा.लि.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**समन्वयक**
**गोपनीय एवं परीक्षा**